रंग लाल लियो | By Ananth Mishra, Aparna Mishra

राधा रानी ने हाथ गुलाल लियो
रंग लाल लियो

हाथ लिए रंग की पिचकारी
होरी खेल रयो बनवारी
सखियन को हाल बेहाल कियो
रंग लाल लियो
राधा रानी ने हाथ गुलाल लियो
रंग लाल लियो

रंग डारी मोरी चुनरी चोली
ना कर मो से श्याम ठिठोली
देखो कैसे हमारो हाल कियो
रंग लाल लियो
राधा रानी ने हाथ गुलाल लियो
रंग लाल लियो

हार गया राधे से छलिया
रख के अधर पे मधुर मुरलिया
जादू मन पे नन्द लाल कियो
रंग लाल लियो
राधा रानी ने हाथ गुलाल लियो
रंग लाल लियो

राधा रंग में रंगे बिहारी
श्याम रंग में राधा प्यारी
दे दरस मोहे खुशहाल कियो
रंग लाल लियो
राधा रानी ने हाथ गुलाल लियो
रंग लाल लियो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%b2%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b-by-ananth-mishra-aparna-mishra/